www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

वर्ष–9 अंक–247 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ बुधवार 6 जनवरी 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

# उप्र में कोरोना वैक्सीनेशन का किया जा रहा ड्राई रन, मुख्यमंत्री योगी ने लोहिया अस्पताल में किया निरीक्षण



लखनऊ, (वेबवार्ता)। कोरोना वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर प्रदेश में मंगलवार को पूर्वाभ्यास (ड्राई रन) चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रत्येक जनपद के छह स्थानों पर किया जा रहा है। इनमें तीन शहरी तथा तीन ग्रामीण क्षेत्र हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में वैक्सीनेशन के ड्राई रन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के बिना पूर्व सूचना के पहुंचने के कारण चिकित्सक उन्हें देखकर दंग रह गए। इस दौरान उनके साथ उच्च चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय भटनागर भी मौजूद रहे। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. ए के सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पूर्वाभ्यास के लिए बने केन्द्र पर कुछ मिनट तक रुके।

इस अवसर पर उन्होंने कोरोना टीकाकरण की व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए ड्राई रन को पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे वैक्सीनेशन कार्य को सुगमतापूर्वक संचालित करने में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने जनपद स्तर पर कोरोना वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना वैक्सीन की सुरक्षित स्टोरेज, प्रभावी कोल्ड चेन व्यवस्था तथा सुगम ट्रांसपोर्टेशन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं।

मंगलवार को राजधानी में एसजीपीजीआई, केजीएमयू, लोहिया संस्थान, सहारा, मेदांता, लोकबंधु, रामसागर मिश्र–बीकेटी, एरा मेडिकल कॉलेज के अलावा काकोरी, माल, मलिहाबाद, इंदिरानगर में कोरोना के टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ताकि इस बार पहले पूर्वाभ्यास के दौरान हुई कमियां दोहरायी न जाएं। पूरी गतिविधि के माध्यम से बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन करने, ओब्सेर्वेशन कमरे में लाभार्थी को रखने के बाद वैक्सीन का प्रतिकूल प्रभाव देखने और उसका इलाज करने का ड्राई रन किया जा रहा है। प्रत्येक सत्र के लिए तीन कमरों में टीकाकरण केंद्र बनाया गया है। इसमें सबसे पहले वेटिंग रूम में लाभार्थी का वेरिफिकेशन करने के उपरांत उसे बैठाया गया तथा कोविन पोर्टल पर डाटा अपलोड किया गया।

इसके बाद वैक्सीनेशन रूम पर लाभार्थियों को टीका लगाया गया। वहीं फिर ऑब्जरवेशन रूम में टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को करीब आधे घंटे तक बैठाया गया। जहां पर तीस मिनट के भीतर टीका लगने वाले व्यक्ति पर टीके के प्रतिकूल प्रभाव पर विशेष नजर रखी जा रही है।

इसके लिए एक स्पेशलिस्ट टीम तैनात की गई है, जिसमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल हैं, जो एईएफआई (एडवर्स इफेक्ट फालोइंग इम्युनाइजेशन) किट के साथ देखरेख कर रहे हैं। वैक्सीनेशन के तीस मिनट बाद ही लाभार्थी घर भेजने का निर्देश है। वैक्सीन का प्रभाव दोनों ही प्रकार से देखाने को कहा गया है। वैक्सीन के गंभीर प्रतिकूल प्रभाव और हल्के प्रतिकूल प्रभाव होने पर लाभार्थियों को किस तरह से इलाज मुहैया करा जायेगा इसका रिहर्सल किया गया। यह पूरी प्रक्रिया कोरोना से बचाव के सभी प्रोटोकॉल जैसे मॉस्क पहनना, बार–बार 20 सेकेण्ड तक हाथ धोना और दो गज की शारीरिक दूरी का पालन करते हुए सम्पादित की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक ड्राई रन हमें तैयारी में अंतराल की पहचान करने और सुधारात्मक कदम उठाने में मदद करेगा ताकि वास्तविक टीकाकरण होने पर सब कुछ सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही हैं, जिसके अन्तर्गत कोविड चेन का विस्तार, स्टोरेज की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वैक्सीन रखने वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ–साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को चरणबद्ध तरीके से लगाने की व्यवस्था की जायेगी।

## प्राधिकरण के मृतक कर्मियों के आश्रितों को मिली नौकरी

अवध की आवाज

*लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभिषेक प्रकाश द्वारा प्राधिकरण के विभिन्न पदों पर कार्यरत 19 कर्मचारियों की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने के कारण उनके आश्रितों को मृतक आश्रित का लाभ देते हुए आज नियमानुसार नियुक्ति की गई। इनमें 04 कनिष्ठ लिपिक, 05 अमीन, 07 अनुचर, 02 माली एवं 01 गैंगमैन के पदों पर मृतक आश्रितों की नियुक्ति की गई। कुमारी अनीता–कनिष्ठ लिपिक। बन्दना देवी–कनिष्ठ लिपिक। रवि शुक्ला–कनिष्ठ लिपिक। रवि शंकर–कनिष्ठ लिपिक। अभिषेक कुमार निषाद–अमीन। प्रवीर्ण शंकर मिश्रा–अमीन। अर्पित कुमार–अमीन। आजाद कुमार सिंह–अमीन। दीपक कुमार–अमीन। अमन वर्मा–अनुचर। कुमारी काजल–अनुचर। पियूष–अनुचर। संतोष कुमार वर्मा–अनुचर। ललित जायसवाल–अनुचर। हिमांशु कुमार –अनुचर। कनीज फातिमा उर्फ फातिमा हसन–अनुचर। पिन्टू–माली। मनीष पाल–माली। विनोद कुमार अवस्थी–गैंगमैन हैं।*

## बुलंदशहर रिशवत मांगने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

बुलंदशहर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस के सिंह ने दो पक्षो में समझौता कराने के नाम पर रिशवत की मांग करने वाले पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया। सिंह ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशलमीडिया पर एक आडियो वायरल हुआ,जिसमें अरनिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी विकास तोमर दो पक्षों के बीच समझोता कराने के नाम पर रिश्वत मांगता नजर आ रहा है,जो पुलिस की छवि धूमिल करने वाला है। इसी आधार पर विकास तोमर को निलंबित कर पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)हरेन्द्र कुमार सिंह को सौपी गई है। उन्होंने बताया कि जाच रिपोर्ट के आधार पर आगे की करवाई की जाएगी।

## फरार डीआईजी अरविंद सेन पर 50 हजार का इनाम

लखनऊ,(वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में पशुपालन विभाग में हुये घोटाले में वांछित निलंबित डीआईजी अरविंद सेन पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई है। घोटाले में नाम आने के बाद से ही अरविंद सेन फरार चल रहे हैं। इससे पहले उन पर 25 हजार का इनाम था। अदालत के आदेश पर उनके लखनऊ और अयोध्या के आवास पर कुर्की की नोटिस भी चस्पा कर दी गई थी। वो तीन दिन पहले अदालत में समर्पण के लिये भी आये थे लेकिन कोर्ट में पुलिस की बड़ी संख्या को देख कर फरार हो गये। घोटाले में नाम आने पर सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। इंदौर के व्यापारी मंजीत भाटिया ने उनके खिलाफ राजधानी के हजरतगंज थाने में पिछले 13 जून को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। स्पेशल टास्क फोर्स(एसटीएफः की जांच में भी उनका नाम सामने आया था।

## मुरादनगर हादसे में मृतकों के परिजनों को दस लाख रूपये की मदद

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के मुरादनगर में छत गिरने से मारे गये लोगों के परिजनों को दस लाख रूपये की आर्थिक मदद और आवासहीन प्रभावित परिवार को आवास दिये जाने की घोषणा की है। आधिकारिक प्रक्ता ने मंगलवार को बताया कि योगी ने मुरादनगर की दुर्घटना के प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने प्रत्येक आवासहीन प्रभावित परिवार को एक आवास उपलब्ध कराए जाने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य से सरकारी धन के हुए नुकसान की भरपाई सम्बंधित ठेकेदार तथा अभियंताओं से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस हादसे के अभियुक्तों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत भी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि रविवार को तेज बारिश के बीच मुरादनगर में बंबामार्ग पर स्थित श्मशान घाट परिसर की छत और दीवार गिर गयी। घटना के समय श्मशान घाट पर अंत्येष्टि हो रही थी और इस दौरान वहां एकत्र 40 से अधिक लोग मलबे में दब गये। हादसे में 25 लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। पुलिस ने इस मामले नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी (ईओ) निहारिका सिंह, कनिष्ठ अभियंता सीपी सिंह और सुपरवाइजर आशीष समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि ठेकेदार अजय त्यागी तथा अन्य फरार बताये गये हैं। ठेकेदार को पकड़ने के लिए पुलिस ने सोमवार को 25 हजार रूपए के ईनाम की घोषणा की है।

# शमशान घाट हादसा: डीएम–कमिश्नर को नोटिस, इंजीनियर सहित ठेकेदार पर रासुका, पूरे नुकसान की होगी वसूली

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के मुरादनगर श्मशान घाट पर हुए दर्दनाक हादसे पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इंजीनियर और ठेकेदार पर रासुका लगाने का आदेश दिया है साथ ही पूरे नुकसान की वसूली दोषी इंजीनियर व ठेकेदार से करने और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का निर्देश दिया है।यूपी सरकार ने जिले के जिलाधिकारी और कमिश्नर को नोटिस जारी कर पूछा है कि जब सितंबर में ही 50 लाख रुपये से ऊपर के निर्माण कार्यों के निरीक्षण और भौतिक सत्यापन का स्पष्ट निर्देश दिया गया था तो फिर चूक क्यों हुई? प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये आर्थिक सहायता के साथ ही अगर वो आवासहीन हैं तो आवासीय सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

<u>निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया</u>

मुरादनगर श्मशान घाट में जमींदोज हुए गलियारे की छत बनाने में न सिर्फ घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, बल्कि बीम डालने में भी कटौती की गई। 70 फुट लंबी छत में एक भी क्रॉस बीम न डाले जाने को भी हादसे का कारण बताया



जा रहा है। चश्मदीद लोगों का कहना है कि क्रॉस बीम होता तो छत यूं भरभरा कर न गिरती और इतने लोगों की जान न जातीं। सिविल इंजीनियर व जल निगम के रिटायर्ड एसई अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कि लिंटर में 8 से 9 फीट की दूसरी पर एक क्रॉस बीम जरूर होना चाहिए। 70 फुट लंबे स्ट्रक्चर में 8 बीम बीच में और एक कोने पर यानी नौ बीम होने चाहिए थे। ऐसे में अगर स्ट्रक्चर में एक भी क्रॉस बीम नहीं था तो यह गंभीर अनियमितता है। जांच टीम को यह भी देखना चाहिए कि इस गलियारे का डिजाइन किसी अधिकृत इंजीनियर या आर्किटेक्ट से कराया गया था या नहीं। इस गलियारे की छत के भरभरा कर गिरने का कारण घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने के साथ–साथ सही डिजाइन न बनाया जाना भी हो सकता है। मुरादनगर श्मशान घाट में हुए दर्दनाक हादसे की भयावहता मौके पर फैले जूते–चप्पल और कपड़े बता रहे थे। बचाव एवं राहत कार्य के दौरान छत का मलबा तो हटा दिया गया, लेकिन इसमें दबे जूते–चप्पल, कपड़े, टोपी, छतरी मलबे में ही पड़ी थीं। यह बता रही थीं कि लोगों को जान बचाने का मौका न मिला और जो जहां खड़ा था, मौत के लिंटर ने उसे वहीं पर दबा लिया। इस हादसे में एक स्कूटी और बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। स्कूटी और बाइक चकनाचूर हो गई। स्कूटी की गद्दी, एक नंबर प्लेट मलबे में सोमवार को भी पड़ी हुई थी।

## न्यायालय में बहस के बाद महिला दरोगा सुनीता चौरसिया की हुई जमानत मंगलवार को सत्र न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई हुई

<u>अवध की आवाज ब्यूरो</u>

उन्नाव। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सैयद मॉउज बिन आसिम की कोर्ट में अभियुक्ता निलंबित पूर्व एसओ महिला थाना कु सुनीता चौरसिया की जमानत सुनवाई पर बहस हुई। अभियुक्ता की ओर से पूर्व अध्यक्ष बार ऐसो. उन्नाव नरेन्द्र अवस्थी, अधिवक्ता विनोद त्रिपाठी व पूर्व मंत्री बार एसो.रामसुमेर सिंह ने बहस की जबकि राज्य सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनिल त्रिपाठी व वादी कि ओर से पूर्व डीजीसी क्रिमिनल विनोद पाठक ने बहस की बचाव पक्ष के अधिवक्ता व पूर्व बार अध्यक्ष नरेंद्र अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने मृतक पत्रकार की माँ की तहरीर पर कोतवाली में 302 , 120 बी , 506 की धाराओ में महिला दारोगा सुनीता चौरसिया व सिपाही अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने 24 नंवबर 2020 को महिला दरोगा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद आज बहस के बाद महिला दरोगा को न्यायालय से जमानत मिल गई वही अभी मामले में आरोप पत्र न्यायालय में नही आया है क्योंकि आरोप पत्र अभी विवेचना में प्रचलित है

## लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा, मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत, साथी घायल

फिरोजाबाद, (वेबवार्ता)। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना नगला खंगर क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल से आगरा रैफर किया गया है। थाना रामगढ क्षेत्र कश्मीरी गेट निवासी वाहिद अली खान का पुत्र शाजिल खान (18) अपने दोस्त थाना रसूलपुर क्षेत्र होली गेट हुसैनी मोहल्ला निवासी अरबाज पुत्र फरहत अली के साथ सोमवार की साय घर पर बिना बताएं मोटरसाइकिल से निकल गया था। सोमवार की रात थाना नगला खंगर क्षेत्र आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शाजिल खान व उसका साथी अरबाज गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनो को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने शाजिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि अरबाज को नाजुक हालत में आगरा रैफर कर दिया। शाजिल के पिता वाहिद अली ने बताया कि उनका बेटा शाम को अपने किसी दोस्त के साथ घर पर बिना बताए लखनऊ के लिए निकला था। रात में खबर आती है की हादसा हो गया है उनके बेटे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी नगला खंगर मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हुई है। जबकि एक युवक घायल हुआ है।

# कोरोना वैक्सीनेशन के ड्राई रन का जायजा लेने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, कहा– पहली बार भारत ने बनाई खुद की वैक्सीन, इसे लेकर न हो राजनीति

### स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जब केंद्र सरकार द्वारा तारीख तय हो जाएगी तो कंपनी कोरोना वैक्सीन की सप्लाई पूरे देश में करना शुरू करेगी।

बाराबंकी। प्रदेश के साथ ही बाराबंकी जिले में भी कोरोना महामारी के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ने की तैयारी अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जिले के छह अस्पतालों में आज ड्राई रन कराया गया। यहां पर एक साथ लगभग 50 लोगों को टीकाकरण के लिए बुलाया गया। इन लोगों से स्वास्थ्य कर्मी पूरी शालीनता से पेश आए। स्वास्थ्यकर्मियों को टीकाकरण के दौरान कौन–कौन सी सावधानियां बरतनी होंगी, ड्राई रन के दौरान उन्होंने इसकी बारीकी भी सीखी। टीकाकरण के बाद अगर किसी की हालत बिगड़ती है तो उसका कैसे उपचार किया जाना है इसका भी रिहर्सल किया गया। वहीं बाराबंकी में कोरोना वैक्सीनेशन के ड्राई रन के इसी रिहर्सल को देखने के लिए खुद प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इसको लेकर बेहद गंभीर हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जब केंद्र सरकार द्वारा तारीख तय हो जाएगी तो कंपनी कोरोना वैक्सीन की सप्लाई पूरे देश में करना शुरू करेगी।

<u>वैक्सीनेशन का हुआ रिहर्सल</u>

बाराबंकी जिले में आज कोरोना वैक्सीनेशन के ड्राई रन के लिए शहरी क्षेत्र में जिला महिला अस्पताल, हिंद अस्पताल सफेदाबाद और मेयो अस्पताल गदिया के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा, बड़ागांव और सतरिख को चुना गया। कोरोना वैक्सीन के लिए इन अस्पतालों में 12 टीमों को लगाया गया। इसके अलावा लोगों को बुलाया गया है, जिनपर कोरोना वैक्सीनेशन का रिहर्सल किया गया।



यहां पर 24 पुलिस कर्मी और 24 ऑब्जवर भी तैनात किए गए। दो चिकित्सकों के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम भी बनाई गई। इस दौरान टीकाकरण के लिए 50

<u>जल्द शुरू होगा वैक्सीनेशन</u>

ड्राई रन देखने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जब केंद्र सरकार द्वारा तारीख तय हो जाएगी तो कंपनी कोरोना वैक्सीन की सप्लाई पूरे देश में करना शुरू करेगी। उन्होंने बताया तारीख तय होने के बाद कि 10 से 15 दिनों में कोरोना की वैक्सिनेशन शुरू हो जाएगा। उन्होंन बताया कि पहले चरण में हेल्थ वर्करों को वैक्सीन लगाई जाएगी। उसके बाद फ्रंट लाइन वर्कर फिर तीसरे चरण में 50 साल से ऊपर वाली जनता को वैक्सीन लगाई जाएगी। वहीं वैक्सीनेशन पर हो रही राजनीति को लेकर मंत्री ने कहा कि अगर कोई वैज्ञानिक कोई वैक्सीन निर्मित करता है तो उसपर कोई टिप्पणी नहीं की जानी चाहिये। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत पहली भाद देश ने अपना खुद का वैक्सीन डेवलप किया है। जिसकी मान्यता पूरे विश्व में है। तो इसपर राजनीति नहीं की जानी चाहिये, न ही इसे लेकर कोई अफवाह फैलानी चाहिये।

## मुख्यमंत्री योगी ने कल्याण सिंह को आवास पर जाकर दी जन्मदिन की बधाई

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को मंगलवार को उनके जन्मदिन पर कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह फोन करके कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्याण सिंह के आवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई देने के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके भी कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, जनप्रिय एवं जुझारू राजनेता, ओजस्वी वक्ता, कुशल प्रशासक, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। वहीं उप्र विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ट्वीट किया कि राम मंदिर आन्दोलन में अहम भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि हम सभी कार्यकर्ताओं



के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत एवं राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जी (बाबू जी) आपको जन्मदिन एवं नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने ट्वीट किया कि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

इसके अलावा केन्द्र व प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों, नेताओं और अन्य लोगों ने भी कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन की कामना की।

## इंस्पेक्टर की मदद से हुआ आंख का ऑपरेशन,कोतवाली पहुंच जताया आभार।

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी हरदोई। कोतवाली पिहानी के मोहल्ला मीरसराय में रहने वाली वैष्णवी पुत्री कमलेश के आंख में खेलते वक्त चोट लग गई थी। चोट लगने के कारण बच्चे के आंख में गहरा घाव हो गया।बच्ची के माँ



बाप ने अस्पताल में दिखाया ।लेकिन डॉक्टर ने अत्यधिक खर्चा बताया।जिसके चलते वैष्णवी का इलाज होना संभव नही था। बच्ची के मां–बाप ने कोतवाली पिहानी में मदद की गुहार लगाई। कोतवाल महेश चंद ने पीड़ित बच्ची के मां बाप को रु21000 की नकद सहायता राशि देकर बच्ची के इलाज के लिए कहा। पैसे पाकर बच्ची के मां–बाप ने बच्ची को लखनऊ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराकर उसका आंख का ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन कराने के बाद शकुशल घर पहुँच कर आज कोतवाली में कोतवाल महेश चंद का आभार जताया और कहा यदि आप जैसे हर इंस्पेक्टर साहब हर थाने में तैनात हो तो वहां पर कोई भी गरीब परिवार पीड़ित नहीं होगा। इस पर कोतवाल ने कहा आप बच्ची का इलाज कराइए जो आगे खर्चा होगा हम आपकी हर संभव मदद करेंगे।

## बुलंदशहर में सड़क हादसे में दो मरे

बुलंदशहर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के डिबाई क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अलीगढ़ जिले के गवाना थाना क्षेत्र के गांव नेहा रावल नगरिया निवासी प्रमोद (28) डिबाई क्षेत्र के गांव औरंगाबादकसेर में आया था। सोमवार रात वह रिश्तेदार खडक सिंह (30) के साथ बाइक से गाँव की ओर लौट रहा था कि छोड़ा नदी के पुल पर डिबाई की ओर से तेज गति से आते एक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डिबाई वंदना शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर डिबाई थाने में मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया धन–प्रतिनिधि



लखनऊ, (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को धन–प्रतिनिधि की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा अब जनता की प्रतिनिधि नहीं रह गयी है। वह धनवानों के लिए किसानों को दांव पर लगा रही है। अखिलेश यादव ने मंगलवार सुबह ट्वीट किया 'भाजपा सरकार की सबसे बड़ी समस्या ये है कि वो अपने को जन–प्रतिनिधि नहीं' 'धन–प्रतिनिधि' समझती है। इसीलिए धनवानों के लिए किसानों को दांव पर लगा रही है। अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि भाजपा भूल रही है कि वह जिन्हें नुकसान पहुंचा रही है, वे संकट से संघर्ष करने वाले देश के वो दो–तिहाई लोग हैं, जो कभी हार नहीं मानते।

## बुलंदशहर में गृह क्लेश से तंग सिपाही ने की आत्महत्या

बुलंदशहर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में छुट्टी पर आए एक आरक्षी ने गृह अखिलेश से तंग आकर आत्महत्या की ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने आज कहा कि कमल सिंह बुलंदशहर कोतवाली देहात के गांव हसनपुर का निवासी था तथा 1 जनवरी को छुट्टी लेकर अपने घर आया था। कल उनके भाई का पुत्र खाना लेकर उनके कमरे पर पहुंचा। दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब नहीं खुला तब वह वापिस चला गया। बाद में उसके अन्य परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा कमरे में झांक कर देखा तो वह लहुलुहान पड़ा हुआ था। पुलिस ने कहा कि मौके से तमंचा बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया गृह क्लेश होना सामने आया है।

## खेत में मिला युवक का शव

नोएडा, (वेबवार्ता)। पांच जनवरी थाना जेवर क्षेत्र के मोहल्ला रावतिया में रहने वाले एक युवक का शव खेत से बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर ने बताया कि गौतम भारती का शव सोमवार को जेवर क्षेत्र के एक खेत में मिला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई पुरुषोत्तम भारती ने थाना जेवर में सूचना दी कि उसका भाई गौतम भारती बीती रात को खेत में घूमने गया था। उसका शव खेत में पड़ा मिला है। उन्होंने बताया कि मृतक के भाई ने आशंका जताई है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसके भाई की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। मृतक की छह माह पूर्व शादी हुई थी।

## उत्तर प्रदेश में एक फरवरी से मंडी परिषद में ऑफलाइन वसूली बंद

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में समस्त मंडी परिषद में एक फरवरी से ऑफलाइन वसूली बंद होने जा रही है। मंडी परिषद में किसानों, व्यापारियों को जनवरी के बाद ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। उप्र मंडी परिषद के निदेशक जे.पी. सिंह ने कहा कि मंडी परिषद में ऑनलाइन शुल्क वसूली से पारदर्शिता रहेगी। मूल्य आधारित व्यवस्था बनेगी और शुल्क का कुल योग करने में भी आसानी रहेगी। ऑनलाइन व्यवस्था को ई–मंडी परियोजना का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी मंडियों में टैक्स ऑनलाइन जमा होगा तो उससे समुचित व्यवस्था को निदेशालय से जांचा जा सकेगा। किसी तरह की होने वाली गड़बड़ी की जांच की जा सकेगी। व्यवस्थित कार्यक्रम से रोजाना की शुल्क जमा की जानकारी लेनी भी आसान होगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मंडी परिषद में अभी तक लगने वाले दो प्रतिशत शुल्क को आधा करते हुए एक प्रतिशत कर दिया था।

# जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

### लम्बित शिकायतों का चौबीस घन्टे के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी, डिफाल्टर होने पर तय होगी जिम्मेदारी – डीएम

### सम्पूर्ण समाधान दिवस से बिना सूचना अनुपस्थित दो अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने गरीब फरियादियों को दिए कम्बल

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में हुआ जहां पर जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही, एसपी शैलेष कुमार पाण्डेय व सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने जनशिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लेवल प्रथम स्तर पर तथा आनलाइन व हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त लम्बित शिकायतों को जिम्मेदार अधिकारी चौबीस घन्टे के अन्दर निस्तारित कर दें अन्यथा यदि शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में गईं तो निश्चित ही सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण हो, यह भी सुनिश्चित कराया जाय। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही विभागवार लम्बित शिकायतों की समीक्षा की तथा सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी से शिकायत लम्बित होने का कारण पूछा। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों के बारे में कहा कि मुरादनगर में श्मशान घाट का छत गिरने की घटना से सबक लें तथा हो रहे प्रत्येक निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक अनुरूप हो, यह सुनिश्चित कराएं तथा मानक की अनदेखी करने वाले की जिम्मेदारी तय करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आदेश को गम्भीरता से न लेने वाले अधिकारियों के विरूद्ध वे कड़ा एक्शन लेंगें। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस से बिना सूचना अनुपस्थित एक्सईएन पीडब्लूडी प्रान्तीय खण्ड व उपायुक्त उद्योग से स्पष्टीकरण भी तलब करने के निर्देश दिए हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवादों, मतदाता सूची से सम्बन्धित तथा मतदान केन्द्रों के परिवर्तन से सम्बन्धित प्राप्त हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्रातिशीघ्र एक सप्ताह के अन्दर शिकायतों को निस्तारित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अवधेश पुत्र काशीराम निवासी ने प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि यूनाईटेड बैंक शाखा बड़गांव के प्रबन्धक व संजय शुक्ला नाम के व्यक्ति द्वारा मिली भगत करके उसका केसीसी का रूपया निकाल लिया गया है। मामले की जांच कोतवाल नगर को सौंपी गई है। इसी प्रकार



भंभुआ करनैलगंज के कई लोगों नें जिलाधिकारी से शिकायत किया कि इण्डियन बैंक मैनेजर शाखा भंभुआ के द्वारा कई लोगों का करोड़ों रूपए का गबन कर लिया गया है। डीएम ने प्रकरण की जांच सीओ को सौंपी है। इटियाथोक निवासी अजय सिंह ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि ज्ञानपुर में बिना मान्यता के इन्टर कालेज संचालित किया जा रहा है। जिस पर डीएम ने डीआईओएस से रिपोर्ट मांगी है तथा कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाणान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में कुल 177 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने 05 गरीब फरियादियों को निःशुल्क कम्बल भी प्रदान किए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ शशांक त्रिपाठी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम, प्रशिक्षु एसडीएम शत्रुघ्न पाठक, प्रशिक्षु सीओ आशीष शर्मा, तहसीलदार पैगाम हैदर, नायब तहसीलदार इवेन्द्र कुमार, डीडी एग्रीकल्चर मुकुल तिवारी, डीएसओ वी0के0 महान, डीडीओ रजत यादव, पीडी सेवाराम चौधरी, एसओसी जेडी यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, पीओ डूडा विनोद सिंह, बीएसए इन्द्रजीत प्रजापति, डीआईओएस अनूप कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह, एसडीओ वन विभाग एसपी सिंह, श्रम प्रर्वतन अधिकारी योगेश दीक्षित सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व फरियादी उपस्थित रहे।

# किसान मंच सीतापुर द्वारा जनपद के देहात क्षेत्रों में लघु एवं सीमांत किसानों और गरीबों मजदूरों के बीच जागरूकता अभियान चलाते हुए श्रमिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है ।



अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। सीतापुर जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किसान मंच सीतापुर द्वारा जनपद के देहात क्षेत्रों में लघु एवं सीमांत किसानों और गरीबों मजदूरों के बीच जागरूकता अभियान चलाते हुए श्रमिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान विकासखंड परसेंडी के ग्राम ढोलई खुर्द में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि महीनों से दिल्ली के बॉर्डर पर किसान विरोधी अध यादेशों के विरोध में किसान आंदोलन करने को विवश है। और केंद्र सरकार द्वारा इस भयंकर शीत के दौरान खुले आसमान के नीचे सड़कों पर पड़े किसानों के दर्द की अनदेखी की जा रही है। किसान मंच के जिला उपाध्यक्ष अंबुज श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रशासन की मिलीभगत से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार दिन–रात किया जा रहा है और जिम्मेदारों द्वारा सूचना दिए जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की निरंकुश कार्यप्रणाली से शासन की भी बदनामी हो रही है जिला संगठन मंत्री दिनेश शुक्ला ने धान क्रय केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिला प्रशासन पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इस सरकार में सत्तासीन विधायकों को किसान हित को देखते हुए धरने पर बैठना पड़ रहा है, और इसके बावजूद भी धान क्रय केंद्रों पर दो दो महीने पहले दिए गए टोकन पर भी किसानों के धान की तौल नहीं हो पा रही है। एक तरफ सरकार किसानों की आय को दोगुनी करने की बात करती है। वही किसानों के वास्तविक दर्द को यह प्रशासन सरकार तक पहुंचने भी नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द ही इस संबंध में किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया तो किसान मंच सीतापुर के बैनर के तले किसानों को सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।





अवध की आवाज आज दिनांक 5 एक 2021 दिन मंगलवार को हिमांशु शुक्ला की अध्यक्षता में नव वर्ष के उपलक्ष में उन्नाव जिले में दूर–दूर से कानपुर हरदोई लखनऊ से आए प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के प्रतिष्ठित सभी पत्रकार बंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह में पहुंचे अवध की आवाज के संपादक अनिल कुमार काा स्वागत अवध की आवाज की टीम के द्वारा व यूपी हेड रामशरण कटिहार के द्वारा व मुख संवाददाता गुड्डू सिंह के द्वारा एवं जिला क्राइम संवाददाता एवं ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा सहित कानपुर के इरशाद अहमद द्वारा स्वागत सम्मान अभिनंदन किया गया। उन्नाव के जाने–माने आदरणीय भानु सिंह चंदेल एवं प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के प्रतिष्ठित पत्रकारो ने पहुंच कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं पर अवध की आवाज के टीम के द्वारा भानु सिंह चंदेल जी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन शब्द से संबोधित किया गया। हिमांशु शुक्ला के गांव सभी पत्रकार बंधुओं ने पहुंचकर इस पहुंचे स्वागत समारोह को अत्यधिक अविस्मरणीय बना दिया।

# बरेली में दो बालिकाओं का अपहरण, बलात्कार का आरोप

बरेली, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में अनुसूचित जाति की दो बालिकाओं के अपहरण और बलात्कार की घटना प्रकाश में आयी है। फरीदपुर के क्षेत्राधिकारी आलोक अग्रहरि ने मंगलवार को बताया कि दो बालिकाओं को अगवा करने का मामला थाना फरीदपुर में दर्ज किया गया है। किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसका मेडिकल होगा और कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद विवेचना में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाएगी। अन्य बिंदुओं की जांच की जा रही है। किशोरी के पिता बताया कि उसकी बेटी कस्बा फरीदपुर के स्कूल में कक्षा नौ में और भतीजी कक्षा एक में पढ़ती है। रविवार रात दोनों रात में घर के बाहर बने शौचालय में गई थी, वहां पहले से फरीदपुर कस्बे के बीसलपुर रोड पर रहने वाला फैजल कार लिए खड़ा था, उसने किशोरी से कुछ इधर उधर की बात की और किशोरी और उसकी भतीजी को साथियों की मदद से जबरन कार में डाल लिया। इस बीच किसी काम से बाहर निकली किशोरी की भाभी ने देख लिया तो शोर मचाया। किशोरी के भाई ने पीछा किया लेकिन कार काफी दूर जा चुकी थी. ऐसे में भाई ने फरीदपुर में रहने वाले चाचा को फोन कर कार रोकने को कहा। कार को बुखारा रोड पर रोकने का प्रयास चाचा ने किया लेकिन गाड़ी में टक्कर मारता हुआ फैजल भाग निकला। इसकी सूचना पर पुलिस ने धरमपुर पुलिया के पास कार रोककर किशोरी व भतीजी को मुक्त करा लिया। फैजल व उसके साथियों को पकड़ लिया गया है। अग्रहरि ने बताया कि किशोरी के भाई ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि फैजल ने धोखे में रखकर किशोरी से बातचीत की उसे अगवा कर दुष्कर्म किया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।



भाजपा कानपुर महानगर उ० के जिला महामंत्री श्री जितेंद्र शर्मा (राजू) जी के मनोनीत होने पर पार्टी कार्यालय के शिक्षक पार्क के प्रांगण में माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं। स्वागतकर्ता सभी सम्मानित जिला पदाधिकारी,सम्मानित अधिवक्तागण, सम्मानित शिक्षकगण, सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण को हार्दिक अभिनंदन व वंदन। अवध की आवाज कानपुर संवाददाता इरशाद अहमद के साथ प्रेम सिंह पारस की रिपोर्ट



लखनऊ। एवररेडी चौराहे पर थैला बैंक का शुभारंभ माननीय महापौर संयुक्ता भाटिया , अपर नगर आयुक्त श्री राकेश कुमार यादव , अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी जी द्वारा किया गया। जिसके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम से कम होगा,इसी उद्देश्य के साथ नगर निगम द्वारा कपड़े के थैले के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह मुहीम शुरू की गई है।
अवध की आवाज

# सम्पादकीय

## जैविक–प्राकृतिक कृषि का योगदान

हिमाचल प्रदेश 15 अप्रैल 1948 को महज चार जिलों के साथ भारत का एक प्रांत बना। 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य की प्राप्ति हुई और उसके बाद इस छोटे से प्रदेश ने भारत के पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 25 जनवरी 2021 को इस प्रदेश के राज्यत्व का 50वां दिवस मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर इस प्रदेश की अधिकतर आबादी के मुख्य व्यवसाय कृषि व्यवस्था का विश्लेषण करना अनिवार्य हो गया है। हिमाचल प्रदेश के निवासियों का मुख्य व्यवसाय आज भी कृषि तथा बागबानी है। प्रदेश की 90 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अधिकतर ग्रामीण परिवारों का व्यवसाय खेतीबाड़ी ही है। हिमाचल में कुल भौगोलिक क्षेत्र 55673 लाख हेक्टेयर में से नौ लाख 59 हजार 223 हेक्टेयर भूमि के स्वामी 9.14 लाख किसान हैं। मंझोले और छोटे किसानों के पास कुल भूमि का 86.4 प्रतिशत भाग है। राज्य में कृषि भूमि केवल 10.4 प्रतिशत है। लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा–सिंचित है और बाकी भूमि वर्षा पर ही निर्भर है। फिर भी हिमाचल वासी अपनी कड़ी मेहनत के दम पर हर वर्ष लाखों टन अनाज का उत्पादन करते हैं।

हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में एक नई क्रांति का आगाज किया, जिसके फलस्वरूप प्रदेश के 96 हजार किसान प्राकृतिक खेती के साथ जुड़े हुए हैं। इसमें किसान व बागबान दोनों वर्गों के किसान शामिल हैं। प्राकृतिक खेती करने वाले 96 हजार किसानों में से 92316 किसानों को ट्रेनिंग भी दी गई है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 520812 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक रूप से फल, सब्जियां व अन्य खाद्य वस्तुएं उगाई जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश भारत तथा वैश्विक पटल पर अपनी ईमानदारी तथा कड़ी मेहनत व स्वास्थ्यवर्धक मौसम के लिए जाना जाता है। ऐसे में प्रदेश में उत्पादित होने वाली प्राकृतिक वस्तुओं की मांग भी दिन–प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। प्रदेश सरकार भी सिक्किम राज्य की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश को जैविक राज्य बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। किसानों को ट्रेनिंग, उपकरण तथा जैविक खाद की नवीनतम तकनीकें सिखाई जा रही हैं। वर्ष 2020 में पूरी मानव जाति को कोरोना वायरस ने संकट में डाल दिया था, लेकिन इस मुश्किल घड़ी में भी किसी व्यवस्था ने मानव का हर पल साथ दिया। हिमाचल प्रदेश में कोरोना काल के दौरान आम, सेब, अमरूद, लीची, अनार, गेहूं, मक्की, धान व अदरक इत्यादि की बंपर फसल देखने को मिली।

लेकिन पिछले कुछ वर्षों की कृषि व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो खेती–बाड़ी पर अनेक संकट भी देखने को मिले हैं। समय पर बारिश का न होना, आवारा पशुओं व बंदरों का आतंक कुछ ही पलों में किसान की वर्ष भर की कड़ी मेहनत को उजाड़ देता है। ग्रामीण परिवार, विशेषकर जिनका आजीविका का मुख्य साधन खेतीबाड़ी है, आज उनकी आजीविका गर्त में चली गई है। दो दशक पूर्व खेती शान–ओ–शौकत का व्यवसाय माना जाता था। समय बदला और आज वही गरिमामय कृषि व्यवसाय बोझ लगना शुरू हो गया है। कृषि व्यवस्था प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ मानी जाती है। यदि कृषि व्यवस्था में असंतुलन पैदा हो गया, तो अनाज की कमी पैदा होगी और साथ ही बेरोजगारी भी बढ़ेगी। विकास दर प्रभावित होगी तथा सामाजिक अशांति व अपराधीकरण में बढ़ोतरी होगी। वर्तमान समय में कृषि के गिरते उत्पादन को रोकने के लिए किसान अंधाधुंध कीटनाशक स्प्रे, खाद, इंजेक्शन व अन्य रसायनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसका प्रभाव उपभोक्ता वर्ग पर पड़ रहा है। उल्टी–दस्त, सिर चकराना, बेकाबू बुखार इत्यादि घातक बीमारियां दिन–प्रतिदिन आम जनता को अपनी चपेट में ले रही हैं। गर्मी के मौसम में फलों की खपत में बढ़ोतरी होती है, लेकिन बाजार में उपलब्ध फलों को पकाने में कृत्रिम प्रणालियों का सहारा लिया जाता है, जो कि जहर के समान है। आजकल लगभग सभी फलों को पकाने के लिए एथिलीन गैस का उपयोग आम बात हो गई है। बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए इन फलों का सेवन अत्यंत हानिकारक होता है। बाजार में इन जहरीले फलों की बिक्री सरेआम होती है। किसी भी प्रकार का डर विक्रेताओं को नहीं होता। पैसे देकर जहर खरीदना तथा स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कितना उचित है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज हर परिवार जहां महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रहा है, वहीं दूसरी तरफ मिलावटखोरी, हेराफेरी, विषैली वस्तुओं को खरीदने पर मजबूर है।

जिस प्रदेश को फलोत्पादन में शीर्ष स्थान प्राप्त है, आज वही प्रदेश विषैले फलों, अंधाधुंध व अनियंत्रित कीटनाशकों के उपयोग का अड्डा बन गया है। इस समस्या से बचने का एकमात्र तरीका है कि प्रदेश के किसानों को जैविक खेती की तरफ ले जाकर खेतीबाड़ी की बुझती लौ को पुनः जगाया जाए। जैविक खेती स्वास्थ्यवर्द्धक, खेती की उपजाऊ क्षमता व संरक्षण में सहायक है, वहीं खेती व्यवस्था में रोजगार के नए दरवाजे खोलने में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। प्रदेश की आर्थिकी कर्ज में डूबी हुई है। इसको उभारने में जैविक कृषि नई इबारत लिख सकती है। सिक्किम राज्य ने जैविक खेती के उत्पादन में देश में ऐसी मिसाल पेश की है, जो कि डूबती कृषि परंपरा को पुनः पटरी पर ला सकती है। प्रदेश के कर्णधारों को भी देवभूमि के किसानों को जैविक खेती में रंगना होगा। कृषि पर बढ़ती लागत, संसाधनों के अभाव एवं उर्वरकों व कीटनाशकों से पर्यावरण पर बढ़ते दुष्प्रभाव को रोकने के लिए निःसंदेह जैविक कृषि एक वरदान साबित हो सकती है। जैविक खेती से स्वच्छ पर्यावरण व संतुलित प्रकृति के स्तर को बनाए रखा जा सकता है। वहीं भूमि, वायु, जल को प्रदूषित किए बिना दीर्घकालीन एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। जैविक खेती में जमीन की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक बरकरार रखा जा सकता है।

# उद्योगपतियों के बारे में अनर्गल बातें कर राहुल गांधी कर रहे हैं कांग्रेस का नुकसान

भारत के विकास की दृष्टि से यह बहुत गलत परम्परा पड़ रही है कि कुछ राजनैतिक दलों के आका उन्हीं उद्योगपतियों को 'गाली' दे रहे हैं, जिनके सहारे देश तरक्की की उड़ान भर रहा है। उद्योगपतियों का ऐसा अनादर पहले कभी नहीं हुआ, जैसा पिछले कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा है। बात अनादर तक ही नहीं है अब तो दो कदम आगे बढ़ते हुए इन दलों के नेता और कार्यकर्ता तोड़फोड़ पर भी उतर आए हैं। आखिर किसी को क्या हक है कि अपनी सियासी रोटियां सेंकने के लिए जियो मोबाइल के टॉवरों को नुकसान पहुंचाए। इससे भी दुखद यह है कि यह सब उस सरकार के इशारे पर हो रहा है जिस पर यह आरोप लग रहे हैं कि वह नये कृषि कानून की आड़ में किसानों को भड़काने का काम कर रही है। यदि किसान नये कानून से नाराज थे तो सिर्फ पंजाब में ही जियो के मोबाइल टॉवर क्यों तोड़े गए, अन्य राज्यों के किसान भी तो इसी तरह का उपद्रव कर सकते थे। ऐसा इसलिए नहीं हुआ क्योकि पंजाब की तरह यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश या अन्य राज्यों की सरकारों ने किसानों को भड़काने की बजाए समझाने का काम किया। जियो के मोबाइल टॉवरों को किसानों ने नुकसान पहुंचाया है या फिर किसानों की आड़ लेकर उपद्रवियों ने तांडव किया था, यह तभी पता चल पाता यदि पंजाब पुलिस ऐसे उपद्रवियों को पकड़ कर सख्ती से पूछताछ करती।

सबसे खेदजनक यह है कि जब कृषि कानूनों के सहारे किसानों की माली हालत में सुधार होने की बात तमाम अर्थशास्त्री और बुद्धिजीवी भी मान रहे हैं तो फिर राजनीतिक बिरादरी के कुछ लोग नकारात्मकता क्यों फैला रहे हैं? क्यों देश में उद्यमियों के खिलाफ माहौल बनाने में जुटे हैं? चुनाव के समय इन्हीं उद्योगतियों के सामने झोली लेकर खड़े नजर आने वाली कांग्रेस या फिर उसके जैसे तमाम दलों का यह दोगलापन समझ से परे है।

यह देखकर काफी दुख होता है कि जिस गांधी–वाड्रा परिवार पर तमाम घोटालों के आरोप लगे हैं और जो नेता भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर बाहर हैं, वे उन कारोबारी घरानों को निशाना बना रहे हैं जिन्होंने उद्योग–धंधे लगाकर, बेरोजगारी दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगर राहुल गांधी या उनके जैसे अन्य नेता अंबानी–अडानी या अन्य उद्योगपतियों का विरोध करने से पूर्व उनका इतिहास खंगाल लेते तो उन्हें यह समझ आ जाता है कि यह उद्योगपति अपनी मेहनत से इस मुकाम पर पहुंचे हैं, राहुल गांधी की तरह खैरात में मिली सियासी जागिर की तरह इन उद्योगपतियों के पास मेहनत के अलावा कुछ नहीं था। इन उद्योगपतियों ने बड़ी मात्रा में राष्ट्र के लिए संपदा सृजन किया है। राहुल के पास क्या है गिनाने के लिए? जब देश पर विपदा आती है तो वह विदेश चले जाते हैं। कौन भूल सकता है कि इसी कांग्रेस ने इन्हीं अंबानी और अडानी से चुनावी चंदा और यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान जैसी सुविधाएं भी बेहिचक ली हैं। साथ ही अंबानी और अडानी को अपने शासनकाल में विभिन्न उद्योगों के लाइसेंस व स्वीकृति भी दी हैं।



दरअसल, लाख टके का सवाल यही है कि यदि राहुल गांधी और कांग्रेस किसानों की मांगों का समर्थन करते है तो करें, लेकिन इसके लिए उन्हें उद्योगपति को व्यर्थ में गाली देने से बचना होगा। जहां राहुल ने कृषि कानूनों को 'अंबानी अडानी कानून' बताया वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनके उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम शुरू दी। राहुल को इस बात का भी जवाब देना होगा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में उन्होंने कृषि सुधार के लिए उठाये जाने वाले जिन कदमों की घोषणा अपने घोषणापत्र में की थी वह क्या बेईमानी थी। राहुल और कांग्रेस कुछ उद्योगपतियों को विशेष तौर पर इसलिए भी निशाना बना रहे हैं क्योंकि इन उद्योगपतियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि गुजराती है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ जनादेशों को ठीक से समझा होता तो वह जानते कि भारतीय समाज अब जाति, भाषा और क्षेत्रीयता की बेड़ियों को तोड़कर आगे देख रहा है। इसीलिए अंबानी और अडानी आज युवाओं के रोल मॉडल हैं।

कांग्रेस को इतिहास से सबक लेना चाहिए। उसे नहीं भूलना चाहिए कि आज यदि वामपंथी और समाजवादी हासिए पर खिसकते जा रहे हैं तो इसकी बड़ी वजह यही है कि यह दल आम हिन्दुस्तानी की सोच के साथ अपनी सोच नहीं बैठा पाए। देश के विकास के लिए जितना जरूरी यह है कि शिक्षा का प्रसार हो, विज्ञान तरक्की करे, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हों, किसान की पैदावार और आमदनी बढ़े उतना ही जरूरी यह भी है कि देश में उद्योग–धंधों का जाल बिछे, जीवनयापन की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हो। यह तभी हो संभव हो सकता था जब जनमानस वामपंथी और समाजवादी सोच वाले दलों को हासिए पर डाल देती। फिर कांग्रेस तो कई दशकों से विकास की बात उद्योग–धंधों के साथ किया करती थी। क्या राहुल गांधी अपने पूर्वजों की ही विचारधारा के खिलाफ चलेंगे?

राहुल गांधी को इधर–उधर की बात करने की बजाए इस बात को ध्यान में रखना होगा कि संपदा सृजन और उद्यमियों का सम्मान करने वाले समाज ही संपन्न बनते हैं। अमेरिका इसका जीवंत उदाहरण है जहां हेनरी फोर्ड से लेकर बिल गेट्स अमेरिकी समाज के हीरो रहे हैं। दूसरी ओर राहुल और उनके जैसी उद्योग विरोधी मानसिकता के लोग हमारे उद्यमियों को अपशब्द का पर्याय बनाकर हमें वापस उस समाजवादी खुमारी में वापस धकेलना चाहते हैं जिससे देश बड़ी मुश्किल से उबरा है। कांग्रेस के पास यदि मोदी सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई सबूत हैं तो उन्हें उसे पेश करना चाहिए। कांग्रेस का इतिहास ही कोयले से लेकर 2जी स्पेक्ट्रम की बंदरबांट तक से कलंकित है और नेशनल हेराल्ड की जांच तो गांधी परिवार तक पहुंच गई। ऐसे में जब राहुल 'अंबानी–अडानी' जैसे जुमले फेंकते हैं तो वह न सिर्फ भ्रम फैलाते हैं, बल्कि संप्रग के शासकीय अपराधों का ठीकरा भी मोदी शासन पर ही फोड़ते दिखते हैं। लेकिन आज की तारीख में जनता को राहुल पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी उद्योगपतियों को उसी तरह से बदनाम कर देना चाहते हैं, जैसे कि आज की सियासत बदनाम है।

अजय कुमार

# बंद फैक्टरी से 1,120 किलोग्राम अवैध भांग बरामद

फतेहपुर, (वेबवार्ता)। पांच जनवरी उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के औंग थाना के चौडगरा औद्योगिक क्षेत्र में एक बंद फैक्टरी से आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम 1,120 किलोग्राम अवैध भांग का भंडारण बरामद करते हुए फैक्टरी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। औंग थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) केशव वर्मा ने मंगलवार को बताया कि गोधरौली गांव निवासी खालिक की औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी है, जो काफी समय से बंद पड़ी थी। बंद फैक्टरी में भांग के अवैध भंडारण की सूचना आबकारी निरीक्षक को मिली थी। इसी सूचना के आधार पर सोमवार की शाम आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर बंद फैक्टरी के अंदर से 1,120 किलोग्राम अवैध भांग बरामद किया। उन्होंने बताया कि आबकारी निरीक्षक लक्ष्मीशंकर बाजपेई की तहरीर पर थाने में गोधरौली गांव निवासी फैक्टरी मालिक खालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल की कैद

बुलंदशहर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बुलन्दशहर की एक अदालत ने विकलांग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप मे एक युवक को पांच साल की कैद और दस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि सिकंदराबाद कस्बा निवासी एक विकलांग किशोरी के साथ सौरभ नामक युवक ने छेड़छाड़ की थी जब वह स्कूल से घर वापस आ रही थी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पोक्सो वीरेंद्र कुमार तृतीय ने गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को आरोपी सौरभ को विकलांग बालिका से छेड़खानी करने का दोषी करार दिया और उसे पांच साल की कैद एवं दस हजार रूपये का जुर्माना लगा दिया। जुर्माना अदा ना होने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# हाथरस में कार ट्रक टक्कर में पांच की मौत चार घायल

हाथरस, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के हाथरस में राजस्थान के अलवर से सोरों जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बोलेरो कार को कासगंज रोड पर नगला जलाल बिजलीघर के सामने ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आज यहां कहा कि टक्कर कल देर रात हुई। राजस्थान के अलवर के रहने वाले नौ गंगा स्नान के लिये सोरों आ रहे थे। देर रात कासगंज की तरफ से आ रहा सब्जी भरा ट्रक कार पर चढ़ गया जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 10 वर्षीय बालिका और पांच वर्ष का बालक भी है। चार लोग घायल हो गए हैं जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मृतकों में एक की पहचान राम निवास मीणा के रूप में हुई है।

# दिल्ली के पंजाबी बाग के पास सड़क दुर्घटना में व्यक्तिकी मौत, एक घायल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। पांच जनवरी पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग फ्लाईओवर के पास सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों एक स्कूटी से जा रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मृतक की पहचान रानी बाग के कुणाल सदाना के तौर पर हुई जबकि उसके साथी की पहचान सुकेश मंडल के तौर पर हुई। दोनों करोल बाग में एक कपड़ा दुकान में काम करते थे। दुर्घटना सोमवार रात में हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंडल का महाराजा अग्रसेन अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दीपक पुरोहित ने बताया, ''हमने भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाने), 337 (किसी की सुरक्षा को खतरे में डालना या ऐसा कृत्य जिससे किसी की जान को खतरा हो) और 304 ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत मामला दर्ज किया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों को सूचना दे दी गयी है और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। पुलिस घटना की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालेगी।

# किशोरी की गला दबाकर हत्या, एक व्यक्ति गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, (वेबवार्ता)। पांच जनवरी अपने सहकर्मी की बेटी का गला दबाकर हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। न्यू मंडी पुलिस थाने के प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी 31 दिसम्बर को अपने घर पर मृत मिली थी, जब उसके माता–पिता घर पर नहीं थे। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में गोविंद कुमार को लड़की के घर के बाहर देखा गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। कुमार लड़की के पिता के साथ 'पेपर मिल' में काम करता था। पुलिस के अनुसार कुमार ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है कि जब लड़की घर पर अकेली थी, तब वह घर आया और उससे बलात्कार करने की कोशिश की। लड़की के विरोध करने पर कुमार ने उसका गला दबा दिया। उसने लड़की का शव घर में लटका दिया था, ताकि यह आत्महत्या लगे। पुलिस ने घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज किया है।

# राजधानी में किसानों का आन्दोलन 41 वें दिन भी जारी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कृषि सुधार से संबंधित तीन कानूनों को वापस लेने और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देने की मांग को लेकर किसान संगठनों का आन्दोलन राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को 41 वें दिन भी जारी रहा।

पिछले तीन दिनों से खराब मौसम के बावजूद किसान संगठनों के नेता और कार्यकर्ता राजधानी की सीमाओं पर धरना प्रदर्शन जारी रखे हुये हैं। किसान संगठनों ने अपनी मांगों के पूरा होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है। इस आन्दोलन को अलग– अलग संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है।

इस बीच कल किसान संगठनों और सरकार के बीच सातवीं दौर की हुई वार्ता में कोई निर्णय नहीं हो सका। वार्ता के बाद कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि किसानों के साथ बातचीत बहुत ही अच्छे माहौल में हुई है और उन्हें विश्वास है कि समस्या का समाधान जल्द ही हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के समग्र हित को ध्यान में रखकर कृषि सुधार कानूनों को बनाया है और इससे यदि उन्हें कोई परेशानी हो रही है तो सरकार उस पर चर्चा के लिए तैयार है। तोमर ने कहा कि किसान संगठन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने पर अड़े हुए हैं जबकि सरकार उन पर बिंदुवार चर्चा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी को होने वाली बैठक सार्थक होगी और वे समाधान तक पहुंचेगे। दोनों पक्षों के बीच सहमति के बाद वार्ता की अगली तिथि आठ जनवरी तय की गयी है।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार कृषि सुधार कानूनों पर बिंदुवार चर्चा करना चाहती है और उसकी मंशा कानून में संशोधन की है जबकि किसान संगठन इन तीनों कानूनों को वापस किये जाने पर अडिग हैं। टिकैत ने कहा कि सरकार बार–बार तीनों कानूनों पर बिंदुवार चर्चा पर जोर दे रही है जबकि किसान इन तीनों कृषि सुधार कानूनों को वापस लिये जाने की मांग कर रहे हैं।

पिछले दौर की वार्ता में बिजली शुल्क पर दी जा रही सब्सिडी में बदलाव नहीं करने और पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई नहीं किये जाने के मुद्दे पर किसानों और सरकार के बीच सहमति बन गयी थी लेकिन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने और एमएसपी को कानूनी दर्जा दिये जाने पर गतिरोध बना हुआ है।


# दिल्ली में सिलेंडर विस्फोट में पांच घायल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली के हरी नगर इलाके में एक घर में खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे इस घटना में घर की दीवार गिर गयी और उसके नीचे दब कर तीन बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों में एक महिला और पुरूष के अलावा तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सबको उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि घायल लोग एक ही परिवार के नहीं हैं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सिलेंडर में धमाका होने की सूचना सुबह चार बजकर 54 मिनट पर मिली और इसके बाद तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को वहां से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया।

# न्यायालय ने बहुमत से फैसला सुनाते हुए सेंट्रल विस्टा परियोजना का रास्ता साफ किया

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 'सेंट्रल विस्टा' परियोजना को मिली पर्यावरण मंजूरी और भूमि उपयोग में बदलाव की अधिसूचना को मंगलवार को बरकरार रखा और राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर के क्षेत्र में फैली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का रास्ता साफ कर दिया। सेंट्रल विस्टा परियोजना की घोषणा सितंबर 2019 में की गई थी। इसके तहत त्रिकोण के आकार वाले नए संसद भवन का निर्माण किया जाएगा जिसमें 900 से 1,200 सांसदों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसका निर्माण अगस्त 2022 तक पूरा होना है। उसी वर्ष भारत 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। इस परियोजना के तहत साझा केंद्रीय सचिवालय का निर्माण 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने 2:1 के बहुमत के फैसले में कहा कि परियोजना के लिए जो पर्यावरण मंजूरी दी गई है तथा भूमि उपयोग में परिवर्तन के लिए जो अधिसूचना जारी की गई है, वे वैध हैं। न्यायमूर्ति खानविलकर ने अपनी तथा न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की ओर से यह फैसला लिखा जिसमें सेंट्रल विस्टा परियोजना के प्रस्तावक को सभी निर्माण स्थलों पर स्मॉग टॉवर लगाने और एंटी–स्मॉग गन का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया है। पीठ के तीसरे न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने पर्यावरण मंजूरी दिए जाने और भूमि उपयोग में बदलाव संबंधी फैसले पर असहमति जताई। शीर्ष अदालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि नए स्थलों पर निर्माण कार्य आरंभ करने से पहले धरोहर संरक्षण समिति तथा अन्य संबंधित प्राधिकारों से पूर्व अनुमति ली जाए। भूमि उपयोग में बदलाव के बारे में न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि कानून के तहत इसे गलत माना जाता है और इस मुद्दे पर जन भागीदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। शीर्ष अदालत का यह फैसला उन अनेक याचिकाओं पर आया है जिनमें परियोजना को दी गई विभिन्न मंजूरियों पर आपत्ति जताई गई है, इनमें पर्यावरण मंजूरी दिए जाने और भूमि उपयोग के बदलाव की मंजूरी देने का भी विरोध किया गया है। इनमें से एक याचिका कार्यकर्ता राजीव सूरी की भी है। बीते वर्ष सात दिसंबर को शीर्ष अदालत ने केंद्र को सेंट्रल विस्टा परियोजना की आधारशिला रखने का कार्यक्रम आयोजित करने की मंजूरी दी थी। यह कार्यक्रम दस दिसंबर को हुआ था। इससे पहले सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि निर्माण का या ढहाने का कोई भी कार्य तब तक शुरू नहीं किया जाएगा जब तक शीर्ष अदालत मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के बारे में फैसला नहीं ले लेती। नए संसद भवन की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी थी। नया संसद भवन 2022 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है तथा इसकी अनुमानित लागत 971 करोड़ रूपये है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में पहले कहा था कि परियोजना से ''पैसा बचेगा'' क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार के कई मंत्रालय किराए की इमारतों में हैं। उसने यह भी कहा था कि नया संसद भवन बनाने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है और परियोजना के लिए किसी भी नियम–कानून का उल्लंघन नहीं किया गया है।

# राजनीति पर आधारित सैफ अली खान की वेब सीरीज तांडव का ट्रेलर रिलीज




राजनीति पर आधारित सैफ अली खान की आने वाली वेब सीरीज तांडव का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सीरीज की कास्ट काफी शानदार है। तांडव वेब सीरीज को अमेजन प्राइम वीडियो पर 15 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। सीरीज की कहानी राष्ट्रीय राजधानी के पावर कॉरिडोर पर स्थापित है। सैफ अली खान की अमेजन प्राइम वीडियो वेब सीरीज तांडव अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित है। राजनीतिक नाटक में मोहम्मद जीशान अय्यूब, डिंपल कपाड़िया, कृतिका कामरा, गौहर खान, सारा जेन डायस, सुनील ग्रोवर, डिनो मोरिया, अनूप सोनई, कुमुद मिश्रा और संध्या मृदुल भी हैं। ट्रेलर दिखाता है कि विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग उच्चतम कुर्सी पर बैठने के लिए अपनी लड़ाई में कैसे लड़ रहे हैं। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले सैफ यानि की समर प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। ग्रोवर अपने चालाक, सभी को जानने वाले सहयोगी की भूमिका निभाते है। अयूब छात्र नेता हैं। इस बीच, कपाड़िया और मिश्रा किसी भी तरह से सिंहासन पर बैठना चाहते हैं।

# क्या नेल पॉलिश के लिए मिलेगा अर्जुन रामपाल को मिल सकता है नेशनल अवॉर्ड?

बॉलीवुड में कुछ सालों से बायोपिक और और रीमेक फिल्में ही बनायी जा रही है, इसी कारण लंबे समय से बॉलीवुड की कोई फिल्म इतनी इफेक्टिव भी नहीं है जिसकी क्रिटिक्स तारीफ कर सके। सालों बाद बॉलीवुड में एक नये कॉन्सेप्ट के साथ अर्जुन रामपाल और मानव कौल की फिल्म नेल पॉलिश रिलीज हुई है। कोर्ट ड्रामा फिल्म नेल पॉलिश की कहानी और कास्ट बेहद ही शानदार है। अपराध पर आधारित ये फिल्म आपको सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर अपराध कौन करता है? क्या अपराध इंसान का शरीर करता है या उसका दिमाग? दिमाग ही अपराध करने के लिए निर्देश देता है शरीर तो बस निर्देश का पालन करता है। कानून को सजा किसे देनी चाहिए शरीर को या फिर दिमाग को? कुछ इसी मनोविज्ञान पर आधारित है मानव कौल की फिल्म नेल पॉलिस। पहली बार



बॉलीवुड में एक अपराध और न्याय पर आधारित ऐसी फिल्म रिलीज हुई है।

अर्जुन रामपाल की फिल्म नेल पॉलिस को आटीटी प्लेटफॉर्म Zee5 पर रिलीज किया गया है। नेल पॉलिश में अर्जुन रामपाल और मानव कौल को उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा मिल रही है। निर्देशक बग्स भार्गव कृष्णा का मानना है कि अभिनेताओं को नेल पॉलिश में उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल सकता है। अर्जुन रामपाल कोर्ट रूम ड्रामा में एडवोकेट सिड जयसिंग की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। वह एक्स इंटेलीजेंस ऑफिसर मानव कौल (वीर सिंह) का केस लड़ रहे हैं। इसके अलावा आनंद तिवारी और रजित कपूर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।


# बिग बॉस 14 के घर से बाहर हुए राहुल महाजन, राखी के झगड़े के कारण बटोरी थी सुर्खियां

बिग बॉस सीजन 14 में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए इस बार पुराने प्रतियोगियों को बुलाया गया। राखी सावंत, विकास गुप्ता, अर्शी खान और राहुल महाजन सहित कई सितारों की एंट्री हुई। राखी सावंत



ने फीके पड़े बिग बॉस 14 के सीजन को एंटरटेनमेंट की बड़ी डोज दी। अब फिलाने करीब आ रहा है इस लिए घर के सदस्यों के इविक्शन भी होने लगे हैं। राहुल महाजन को सोमवार को बिग बॉस 14 के घर से बाहर निकाल दिया गया। इस हफ्ते एली गोनी और निक्की तम्बोली ने बिग बॉस के घर के नियम तोड़े थे जिसके बाद पूरे घर के सदस्यों को नोमिनेट कर दिया गया था। बिग बॉस 14 में विकास गुप्ता, राखी सावंत, कश्मीरा शाह, अर्शी खान और मनु पंजाबी के साथ एक चुनौती के रूप में प्रवेश किया था। अर्शी और राखी के साथ राहुल महाजन का एक करीबी रिश्ता था, दोनों को उनके साथ टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते देखा गया। हालांकि, महाजन ने घर में सभी के साथ बंधन बनाने का प्रयास किया और इसके चलते राखी और अर्शी उसके साथ बार–बार लड़ती रही। राहुल महाजन घर की दैनिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग नहीं लेते थे, हाल ही में एक कार्य ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया जब एक भूत के चरित्र में होने के कारण, राखी सावंत ने उनकी धोती खींचकर महाजन के साथ मारपीट करने की कोशिश की थी, जिससे वह और अन्य घरवाले चिढ़ गए थे। हालांकि, बिग बॉस द्वारा बुलाने के बाद, राहुल ने राखी को माफ कर दिया और दोनों वापस दोस्त बन गए।

# पॉलटिक्स पर आधारित ऋचा चड्ढा की फिल्म "मैडम चीफ मिनिस्टर" इस दिन होगी रिलीज




मुंबई। राजनीति पर आधारित फिल्म "मैडम चीफ मिनिस्टर" 22 जनवरी को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जायेगी। इस फिल्म में रिचा चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं। निर्माताओं ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इस फिल्म का निर्देशन "जॉली एलएलबी" से मशहूर हुए सुभाष कपूर ने किया है। कपूर ने ही इसकी पटकथा लिखी है। "मैडम चीफ मिनिस्टर" में रिचा के अलावा मानव कौल एवं सौरभ शुक्ला हैं। फिल्म का निर्माण टी सीरीज फिल्म्स एवं कांगड़ा टॉकीज ने किया है। टी–सीरीज ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुये ट्वीट किया, "आपके लिये पेश है मैडम चीफ मिनिस्टर का पहला पोस्टर। रिचा चड्ढा, मानव कौल एवं सौरभ शुक्ला अभिनीत यह फिल्म 22 जनवरी को सिनेमाघरों में होगी।" पोस्टर में रिचा के हाथ में झाड़ू है और उनके साथ मानव एवं सौरभ खड़े हैं।

# ग्लोबल शेयर बाजार में नरमी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी भी फिसले, RIL में भी आई गिरावट

मुंबई। वैश्विक शेयर बाजारों में नरमी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक जैसी बड़ी कंपनियों में गिरावट के चलते मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 100 अंक से अधिक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 112.74 अंक यानी 0.23 प्रतिशत नीचे 48,064.06 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 38.25 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 14,094.65 अंक पर था। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी में सर्वाधिक करीब दो प्रतिशत की गिरावट रही। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम), एनटीपीसी, बजाज ऑटो, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान रहा। दूसरी ओर, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, टीसीएस और एचयूएल जैसे शेयर लाभ में रहे। पिछले



सत्र में सेंसेक्स 307.82 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 48,176.80 अंक पर और निफ्टी 114.40 अंक यानी 0.82 प्रतिशत उछलकर अपने नये सर्वकालिक उच्चतम स्तर 14,132.90 अंक पर पहुंच गया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार बने रहे। अस्थायी विनिमय आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को उन्होंने शुद्ध आधार पर 1,843.22 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। रिलायंस सिक्योरिटीज में रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी के अनुसार, अमेरिकी बाजार से संकेत पाकर एशियाई बाजार नरम चल रहे हैं। अभी घरेलू बाजार भी सकारात्मक नहीं लग रहे हैं। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग कारोबार के दौरान गिरावट में चल रहे थे। हालांकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी में बढ़त में था। इस बीच, कच्चा तेल का वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.02 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# भारत का कोविड–19 टीके के निर्यात पर प्रतिबंध बांग्लादेश पर नहीं होगा लागू

ढाका। विदेश मंत्री डॉ ए के अब्दुल मोमेन ने यहां सोमवार को कहा कि भारत द्वारा कोविड–19 के टीके के निर्यात पर प्रस्तावित प्रतिबंध बांग्लादेश के लिए लागू नहीं होगा क्योंकि भारत ने पड़ोसी देश को उचित समय पर ऑक्सफोर्ड–एस्ट्राजेनेका टीके की आपूर्ति का आश्वासन दिया है। भारत के औषधि नियामक भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने रविवार को सीरम इंस्टिट्यूट द्वारा विनिर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड–19 टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के देश में विकसित टीके कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन विनिर्माता पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कोविशील्ड बनाने के लिए एस्ट्राजेनेका कंपनी के साथ करार किया है, जबकि कोवैक्सीन को भारत बायोटेक द्वारा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

मोमेन ने यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के एसआईआई द्वारा सह–निर्मित वैक्सीन की पहली खेप इस महीने के अंत में बांग्लादेश पहुंचने की उम्मीद है। एसआईआई की बांग्लादेश की बेक्सिमको फार्मास्युटिकल्स के साथ जनवरी के अंत या फरवरी की शुरुआत में तीन करोड़ खुराक प्रदान करने की प्रतिबद्धता है। हालांकि, एसआईआई ने रविवार को कहा कि उसने इस शर्त पर भारत की नियामक मंजूरी प्राप्त हुई है कि वह तब तक इन टीकों का निर्यात नहीं करेगी जब तक कि देश की कमजोर आबादी सुरक्षित नहीं हो जाती।

बांग्लादेश के मंत्री ने कहा, भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने हमें पुष्टि की है कि उनका प्रतिबंध (कोविड–19 वैक्सीन के निर्यात पर) बांग्लादेश के लिए लागू नहीं होगा।" मोमेन ने कहा, चूंकि यह समझौता, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच उच्चतम स्तर पर चर्चा के आधार पर किया गया था – इसलिए कोई प्रतिबंध हमारे लिए लागू नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या बांग्लादेश अन्य टीका स्रोतों की तलाश कर रहा है, मोमेन ने कहा कि बांग्लादेश विभिन्न स्रोतों की खोज कर रहा है। एसआईआई को विकासशील देशों के लिए वैक्सीन की एक अरब खुराक बनाने के लिए अनुबंधित किया गया था, जबकि धनी देशों ने इस वर्ष उत्पादित होने वाले अधिकांश टीकों को अपने लिए आरक्षित कर लिया है।

# किसानों के मुद्दे पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा)के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर धनवानों के लिये किसानों को दांव पर लगाने का आरोप लगाया।अखिलेश यादव ने एक ट्वीट में कहा, भाजपा सरकार की सबसे



बड़ी समस्या यह है कि वो अपने को जन–प्रतिनिधि नहीं ‘धन–प्रतिनिधि’ समझती है, इसलिए धनवानों के लिए किसानों को दांव पर लगा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा भूल रही है कि वह जिन्हें नुकसान पहुंचा रही है, वे संकट से संघर्ष करनेवाले देश के वो दो–तिहाई लोग हैं, जो कभी हार नहीं मानते। इसके पूर्व, सपा अध्यक्ष ने केंद्र और किसान संगठनों के बीच सोमवार को हुई बातचीत बेनतीजा होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एक अन्य ट्वीट में कहा, भाजपा सरकार ने आज फिर निरर्थक वार्ता करके अगली तारीख दे दी। उन्होंने कहा, हर बार आधा दिन गुजार कर दो बजे बैठक करने से ही लगता है कि भाजपा सरकार आधे मन से आधे समय काम करके, इस आंदोलन को लम्बा खींचना चाहती है, जिससे किसानों का हौसला टूटे पर किसान टूटनेवाले नहीं, सत्ता का दंभ तोड़नेवाले हैं।

# चुनावी नतीजों को लेकर लगातार शिकायतें कर रहे ट्रंप तो बाइडेन को हो रही परेशानी!

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले वर्ष तीन नवम्बर को हुए चुनाव के नतीजे बदलने के प्रयास कर रहे डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति अपना ‘‘काम’’ करने की बजाय अधिकतर समय ‘‘शिकायत’’ करने में लगा रहे हैं। ट्रंप ने अभी तक राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की है और चुनाव के नतीजों के खिलाफ कई संघीय मुकदमे उन्होंने दायर कर रखे हैं। उनका दावा है कि चुनाव में बड़े पैमाने पर घोखाधड़ी की गई है। चुनाव अधिकारी और मीडिया उनके दावों को निराधार बता रहे है। ट्रंप कई मुकदमे हार भी चुके हैं। बाइडन ने सोमवार को जॉर्जिया में एक चुनावी रैली में कहा,राष्ट्रपति समस्याओं के बारे में कुछ करने की बजाय अधिकतर समय शिकायतें करने में लगा रहे हैं। मुझे समझ नहीं आता कि वह अब भी पद पर बने क्यों रहना चाहते हैं जबकि



उन्हें काम ही नहीं करना है। बाइडन, जॉर्जिया में दो डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर रहे थे। इन चुनाव के बाद ही स्पष्ट होगा कि यहां सीनेट पर किस पार्टी का कब्जा होगा। प्रथम चुनाव में किसी उम्मीदवार के जीत हासिल ना करने पर दूसरे ‘रन ऑफ चुनाव’ कराए जाते हैं। ‘इलेक्टोरल कॉलेज’ ने दिसम्बर में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए बाइडन को सभी 50 राज्यों में आधिकारिक तौर पर विजेता घोषित कर दिया था। आधिकारिक नतीजों के अनुसार बाइडन को 306 और ट्रंप को 232 ‘इलेक्टोरल वोट’ मिले हैं। अमेरिकी कांग्रेस छह जनवरी को सदन की बैठक में ‘इलेक्टोरल कॉलेज’ के नतीजों और बाइडन की जीत को आधिकारिक तौर पर प्रमाणित करेगी।

# सेंट्रल विस्टा परियोजना को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ‘सेंट्रल विस्टा’ योजना को मंगलवार को हरी झंडी दे दी। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ ने 2:1 से बहुमत का फैसला सुनाते हुए कहा कि परियोजना को पर्यावरण मंत्रालय की ओर से दी गई हरी झंडी में कोई गड़बड़ी नजर नहीं आती। न्यायमूर्ति खानविलकर और न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि उपयोग बदलने की अधिसूचना को भी सही ठहराया जबकि न्यायमूर्ति खन्ना ने इसपर अपनी असहमति जताई।

इस परियोजना के खिलाफ पांच याचिकाएं दायर की गई थी, जिनमें दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि उपयोग बदलने की अधिसूचना, पर्यावरण चिंताओं की अनदेखी आदि के मुद्दे शामिल थे।

न्यायालय ने लंबी सुनवाई के बाद गत वर्ष पांच नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि न्यायालय ने गत सात दिसंबर को नए संसद भवन के शिलान्यास को मंजूरी तो दे दी थी लेकिन मौजूदा ढांचे में किसी तरह के छेड़छाड़ से फैसला आने तक रोक दिया था। न्यायमूर्ति खानविलकर ने मामले का अंतिम निपटारा न होने के बावजूद निर्माण कार्य आगे बढ़ाने को लेकर गहरी नाराजगी जताई थी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था, ‘ कोई रोक नहीं है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप हर चीज के साथ आगे बढ़ सकते हैं। पीठ की नाराजगी झेलते हुए सॉलिसिटर जनरल ने सरकार से निर्देश हासिल करने के लिए एक दिन का समय मांगा था, लेकिन न्यायालय ने उसी दिन सरकार से बातचीत करके वापस आने के लिए कहा था और थोड़ी देर के लिए सुनवाई रोक दी गई थी। थोड़ी देर के बाद, श्री मेहता वापस आ गए थे और उन्होंने क्षमायाचना करते हुए न्यायालय को आश्वस्त किया था कि कोई निर्माण, तोड़फोड़ या पेड़ों की कटाई नहीं होगी। नींव का पत्थर रखा जाएगा, लेकिन कोई और परिवर्तन नहीं होगा। न्यायमूर्ति खानविलकर ने श्री मेहता का बयान रिकॉर्ड पर लेते हुए आदेश दिया था कि 10 दिसंबर को होने वाला शिलान्यास कार्यक्रम जारी रहेगा, लेकिन कोई निर्माण कार्य नहीं होगा।

# मोदी ने मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी के जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु



जीवन की कामना की। डॉ जोशी आज 87 वर्ष के हो गये। उनका जन्म 05 जनवरी 1934 को हुआ था। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ‘ डॉ. एम एम जोशी जी को जन्मदिन की बधाई। वह देश के वरिष्ठतम और सम्मानीय नेताओं में से हैं। उन्होंने जीवनभर देश के विकास के लिये काम किया है। उनका मंत्री और सांसद के रुप में अनुकरणीय योगदान है। उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।’ डॉ. जोशी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्री थे। वर्ष 2014 के आम चुनाव मोदी के लिये वाराणसी की सीट छोड़ने वाले डॉ. जोशी वर्तमान में भाजपा के मार्गदर्शक मंडल में शामिल हैं।

# भाजपा की खरीदी हुई सीट भागलपुर से प्रत्याशी रोहित पांडेय मेरे कारण हारा: गोपाल मंडल

पटना, (वेबवार्ता)। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेतृत्व ने भागलपुर जिले में गोपालपुर से पार्टी के विधायक गोपाल मंडल के विवादित बयान पर संज्ञान लेते हुए उनसे स्पष्टीकरण की मांग की है।

विवादित बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले जदयू विधायक श्री मंडल ने इस बार के विधानसभा चुनाव में भागलपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार रोहित पांडेय की हार का कारण खुद को बताकर एक बार फिर विवाद में घिर गये हैं।

इस पर जदयू के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मंगलवार को यहां बताया कि पार्टी आला कमान ने विधायक श्री मंडल के इस बयान पर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। इसके बाद ही पार्टी इस संबंध में किसी निर्णय पर पहुंचेगी।

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक जदयू के विधायक श्री मंडल का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक सभा में मंच से वह कह रहे हैं, ‘भाजपा की खरीदी हुई भागलपुर सीट से प्रत्याशी रोहित पांडेय को घमंड हो



गया था। विधायक और सांसद बनने के लिए दबंग होना चाहिए लेकिन कुछ नहीं था, मुंह में बोली नहीं थी। उन्होंने प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की एक चुनावी सभा में न तो मुझसे बात की और न ही मुझे नमस्कार किया। इसलिए, मैंने उनका प्रचार नहीं किया, जिसकी वजह से उनकी हार हुई।’

मंडल ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान साहू परबत्ता उच्च विद्यालय की एक चुनावी सभा में मैंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से वादा किया था कि सभी सात विधानसभा सीट पर राजग प्रत्याशी की जीत होगी और यह मैंने कर दिखाया। हम केवल दो सीट नाथनगर और भागलपुर हारे। नाथनगर सीट पार्टी आलाकमान की गलतियों की वजह से वहीं भागलपुर सीट रोहित पांडेय के घमंड के कारण। मैंने पीरपैंती में ललन पासवान, कहलगांव में पवन यादव, सुल्तानगंज में प्रो. ललित और बिहपुर से राजग उम्मीदवार में इंजीनियर शैलेंद्र के लिए प्रचार किया इसलिए वे सभी जीत गए।

गौरतलब है कि अभी हाल ही में विधायक श्री मंडल का एक और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें ऑर्केस्ट्रा में नर्तकियों के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। इससे पहले भी वह विवादित बयान देकर जदयू नेतृत्व के मुश्किलें खड़ी करते रहे हैं।

# दिल्ली के पंजाबी बाग के पास सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, एक घायल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग फ्लाईओवर के पास सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों एक स्कूटी से जा रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मृतक की पहचान रानी बाग के कुणाल सदाना के तौर पर हुई जबकि उसके साथी की पहचान सुकेश मंडल के तौर पर हुई। दोनों करोल बाग में एक कपड़ा दुकान में काम करते थे। दुर्घटना सोमवार रात में हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंडल का महाराजा अग्रसेन अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दीपक पुरोहित ने बताया, ‘‘हमने भारतीय दंड संहिता की धारा 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाने), 337 (किसी की सुरक्षा को खतरे में डालना या ऐसा कृत्य जिससे किसी की जान को खतरा हो) और 304 ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत मामला दर्ज किया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।’’ उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों को सूचना दे दी गयी है और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा। पुलिस घटना की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालेगी।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, 8960775784 Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।